<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

# दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने इरेडा सीएसआर पहल के तहत जीजीएसआईपीयू में बैटरी चालित चार वाहनों का उद्‌घाटन किया

नई दिल्ली, 12 दिसंबर 2024

दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल, श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा आज गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), द्वारका में बैटरी चालित चार वाहनों का उद्‌घाटन किया गया। यह भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के सीएसआर कार्यक्रम के तहत पहल विश्वविद्यालय के द्वारका और पूर्वी दिल्ली परिसरों में दिव्यांग छात्रों, कर्मचारियों, आगंतुकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पहुंच की सुविधा बढ़ाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल गतिशीलता को बढ़ावा देती है।

यह उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह और स्थापना दिवस के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। श्री सक्सेना, जोकि जीजीएसआईपीयू के कुलपति के रूप में भी कार्य करते हैं, ने एक वाहन में सवारी की और सतता के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए इरेडा की पहल की सराहना की।

जीजीएसआईपीयू के उप कुलपति, प्रो. डॉ. महेश वर्मा ने इरेडा के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में इरेडा की महाप्रबंधक(मानव संसाधन एवं सीएसआर), श्रीमती माला घोष चौधुरी के साथ इरेडा और जीजीएसआईपीयू के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।